




नवभारत 04
इंदौर, सोमवार, 6 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### कर्मयोग योगी अभियान के तहत ग्राम सभा आयोजित



**गोगावां, निप्र।** गोगावां जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपलई में आदि कर्मयोग अभियान अंतर्गत 2 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन किया गया।इस अभियान के तहत ग्रामसभा में विलेज एक्शन प्लान तैयार किया गया, जिसका अनुमोदन उपस्थित ग्रामीणों ने किया। इस अवसर पर ग्रामसभा नोडल अधिकारी मनीषा, सरपंच मोतीराम बडोले, सचिव कय्यूम खान रोजगार सहायक सुभाष यादव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### माता मंदिर पर कन्या भोज होगा



**बिस्टान, निप्र।** शारदीय नवरात्र के अंतर्गत शरद पूर्णिमा मंगलवार को बस स्टैंड स्थित मोठी माता मंदिर पर कन्या भोज होगा। भंडारा सुबह 11:00 बजे से शुरू होकर शाम 5:00 बजे तक चलेगा।आयोजन समिति ने माता की महाप्रसादी में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### चौहान जिला अध्यक्ष नियुक्त



**कसरावद, निप्र।** भीम आर्मी चीफ़ आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बड़े भैया चन्द्रशेखर आजाद द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सेंगर, प्रदेश प्रभारी संतोष आनन्द, सह प्रभारी महेश चौधरी के अनुमोदन पर प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद यादव अम्बेडकर, सुनिल अस्तेय पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खरगोन खण्डवा बुरहानपुर प्रभारी नफीश खान की अनुशंसा पर ग्राम बलखड़ तहसील कसरावद निवासी सुनिल चौहान को आजाद समाज पार्टी कांशीराम खरगोन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया*।बधाई दी गई गोविन्द खारीवाल, संभाग अध्यक्ष सोलंकी, पुर्व संभाग संयोजक शरीफ खान *अभिषेक जाटव, अजय पगारे, जीत अटूट जी, एड. करण कनाडे, एड. लखन गांगले, जिला संयोजक हेमन्त उपाध्याय, कमल भालसे, गोलू वानखेड़े, दीपक अटोडे, शक्ति चौहान, भोला चौबे, संजय खांडे, राकेश खेड़े, रानी ओछ्ट, पूजा सोलंकी, विनोद अवचरे, अनिल अवचरे, सोमनाथ डालके, राजू ठाकुर व भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम खरगोन बड़वानी खंडवा इंदौर ने हर्ष व्यक्त किया।

### जननी वाहन के समय पर न पहुंचने से सड़क पर प्रसव, माता-नवजात सुरक्षित

**सनावद, निप्र।** सनावद में जननी वाहन के समय पर न पहुंचने के कारण एक गर्भवती महिला का प्रसव सड़क पर ही करना पड़ा।जानकारी के अनुसार, महिला को प्रसव के लिए बाइक से अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में तेज प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर ही प्रसव करवाया गया। सौभाग्य से महिला और नवजात शिशु (बालक) दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रसव के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस घटना ने जननी वाहन की समयबद्ध उपलब्धता पर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसी स्थिति को रोकने के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की मांग की है।

### टिगरियांव के 70 घरों में हुए गायत्री यज्ञ

**कसरावद, निप्र।** अखिल विश्व गायत्री तहसील संगठन कसरावद द्वारा तहसील क्षेत्र के देव ग्राम टिगरियांव में रविवार को एक साथ 70 घरों में गायत्री यज्ञ किए गए। गायत्री शक्तिपीठ कसरावद के सहायक प्रबंध ट्रस्टी सुरेश यादव ने बताया कि वर्ष 2026 में गायत्री परिवार गुरु माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप का शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में गृहे गृहे गायत्री यज्ञों के माध्यम से गांव गांव देव परिवारों का निर्माण किया जा रहा है। यज्ञ आयोजन के पूर्व पूरे गांव में प्रभातफेरी निकाली गई। यज्ञ की तैयारियों को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखा गया। सभी घरों के बाहर सुंदर रांगोली बनाकर दीपक एवं कलश की स्थापना की गई थी। मुख्य द्वारों को आम्र पत्र के तोरण से सजाया गया था। यज्ञ के शुभ अवसर पर दो घरों में पुंसवन और नामकरण संस्कार भी कराया गया। टिगरियांव के युवा कार्यकर्ता मनोज वर्मा ने बताया कि यज्ञ ही समस्त सृष्टि की धूरी है। इसी से संपूर्ण सृष्टि का संचालन हो रहा है। भारतीय धर्म में गायत्री को सद्विचार और यज्ञ को सत्कर्म का प्रतीक माना गया है। जिन घरों में, जिन स्थानों में यज्ञ होते हैं वे एक प्रकार के तीर्थ बन जाते हैं। ग्राम के सक्रिय कार्यकर्ता राम वर्मा बताते हैं कि यज्ञ न केवल एक कर्मकांड है बल्कि एक प्रकार की चिकित्सा पद्धति भी है। हवन हुए पदार्थ वायुभूत होकर प्राणी मात्र को प्राप्त होते हैं और उनके रोग निवारण में सहायक होते हैं। यज्ञ के द्वारा जो शक्तिशाली तत्व वायुमंडल में फैलाए जाते हैं उनसे हवा में घुमते असंख्यों रोग किटाणु और वायरस नष्ट हो जाते हैं। ग्राम जलखां के युवा परिव्राजक रोहित पटेल ने बताया कि प्रत्येक घर में देव परिवार पत्रक के माध्यम से प्रात: सूर्य को अर्घ्य देने, नियमित गायत्री उपासना करने, बलिवैश्व यज्ञ को अपनाने, नित्य गीता व रामायण का पारायण करने आदि की शिक्षा यजमानों को दी गई। साथ ही पर्यावरण के रक्षार्थ प्रति परिवार एक पौधा लगाने की भावभरी अपील भी की गई।



### जिला शिक्षा अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की समीक्षा

**खरगोन।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े द्वारा 5 अक्टूबर को कलेक्टर के निर्देशानुसार समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी जनपद शिक्षा केंद्र तथा जिले के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के संचालक और प्राचार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री कानुड़े ने बताया कि स्कूल एजुकेशन पोर्टल 3 .0 से प्राप्त शिक्षा सत्र 2025-25 और 2025-26 के शालावार तुलनात्मक पत्रक के अनुसार कक्षा 1 से 12 तक कुल 22577 विद्यार्थी शाला से बाहर पाए गए है। उन्होंने ऐसे सभी अप्रवेशी विद्यार्थियों का तत्काल प्रवेश, मैपिंग, प्रोफाइल अपडेट और छात्रवृत्ति के एकाउंट अपडेट करने के निर्देश दिए हैं तथा आगामी 2 दिवस के भीतर संस्था प्रमुखों को शेष विद्यार्थियों का कक्षावार और शालावार स्पष्टीकरण मांगा है। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 23 प्राचार्यों और डीडीओ का एक दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए हैं।

# शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने रचा इतिहास

## 5 हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन, सैंकड़ों मंचों से हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष शहर में यादगार बन गया। शताब्दी वर्ष पर रविवार को निकले पथ संचलन में एक साथ 5 हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने अनुशासन के साथ शहर के मुख्य मार्गों पर कदमताल कर एकजुटता और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। घोष वाहिनी की धून पर निकले संचलन के न केवल स्वयंसेवक बल्कि शहरवासी भी इस भव्य और ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने। संचलन की विशेषता रही कि बच्चे, युवा, बुजुर्गों के साथ दिव्यांगजन भी इस संचलन का हिस्सा बने। स्सुबह 8 बजे उत्कृष्ट स्कूल मैदान में एकत्रीकरण हुआ। यहां बौद्धिक के बाद संचलन की शुरुआत हुई। संचलन उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से प्रारंभ होकर मोहन टॉकीज, तालाब चौक, पहाड़सिंहपुरा, टवड़ी, गडरिया मंदिर, गुरूवा दरवाजा, झंडा चौक, भावसार मोहल्ला, जमींदार मोहल्ला, बावड़ी बस स्टैंड, डायवर्सन रोड़, जवाहर मार्ग, टीआईटी कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, श्रीकृष्ण टॉकीज चौराहा से होता हुआ पुन- उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर पहुंचा, जहां विराम दिया गया।



### संगठन में भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व का कल्याण निहित है : श्री राजमोहन

संचलन से पूर्व बौद्धिक में मुख्य वक्ता मालवा प्रांत प्रचारक राजमोहन ने कहा हिंदू समाज के संगठन में भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व का कल्याण निहित है। क्योंकि सिर्फ हिंदू ही वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिन- का सद्वाक्य कहता है। आज संघ का 100वां वर्ष हम सभी के लिए सौभाग्य और संकल्प का क्षण है। संघ केवल संगठन का नाम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक जीवन्त प्रक्रिया है। 1925 से प्रारंभ यह संगठन आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन चुका है, जिसने शिक्षा, सेवा, संस्कृति, सामाजिक जागरण और राष्ट्र रक्षा के हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है।

### प्रदर्शनी में दिखी 100 वर्ष की यात्रा

कार्यक्रम स्थल पर संघ की 100 वर्षों की यात्रा, सेवा कार्यों एवं पंच परिवर्तन विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसे निहारकर लोग अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहे थे। गो .उत्पाद, स्वदेशी उत्पाद एवं राष्ट्रीय साहित्य के अस्थायी विक्रय केंद्र भी आकर्षण का केंद्र बने। संघ शताब्दी वर्ष का यह उत्सव केवल एक आयोजन न होकर समाज जागरण और राष्ट्र सशक्तिकरण का महाअभियान साबित हुआ। नगर के इस विराट पथ संचलन ने नगरवासियों को अनुशासन, संगठन और आत्मसम्मान का अद्भुत संदेश दिया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला, जगह- जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत



**गोगावां।** नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन गोगावा मंडल के खंड विस्तार संदीप यादव के नेतृत्व में अनुशासन से निकाला गया कदमताल करते स्वयं सेवकों पर रास्ते भर लोगो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वही विजयादशमी उत्सव पर्व पर संघ का यह शताब्दी वर्ष भी मनाया जा रहा था। अदलपुरा स्थित साई मंदिर से जयघोष के साथ सुबह 9 बजे पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो नगर में पांच किलोमीटर की दूरी तय कर शाहपुरा पहुंचा यहां बौद्धिक हुआ वक्ताओं ने सर्व प्रथम संघ के संस्थापकों के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित किया उसके पश्चात बौद्धिक शुरू हुआ मुख्य वक्ता आशुतोष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभी अभी नवदुर्गा उत्सव संपन्न हुआ है हिंदू संस्कृति में देवी देवताओं का बहुत महत्व है इन त्योहारों को श्रद्धा से मनाना चाहिए आज संघ की स्थापना के सौ वर्ष भी संपन्न हो रहे है इसे शताब्दी वर्ष के रूप मे भी मना रहे हैं विशाल पांडाल में संघ के सेकडो स्वयं सेवकों ने शामिल होकर इस पथ संचलन को सफल बनाया है मंच पर पूर्व खंड सहयोजक भीम सिंह चौहान खंड संयोजक परीक्षित दसोंधी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पर ऐतिहासिक पथ संचलन



**सनावद, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सनावद में रविवार को एक भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस विशाल पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने संघ के निर्धारित गणवेश धारण कर अनुशासित और कतारबद्ध ढंग से सधे कदमताल के साथ हिस्सा लिया। पथ संचलन सोलंकी कॉलोनी के मैदान से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से गुजरा, जिसमें ध्वज वाहिनी सबसे आगे थी और संघ का घोष लयबद्ध ताल के साथ गूंजता रहा। मार्ग में कई सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने पथ संचलन पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी की। पथ संचलन का समापन सोलंकी कॉलोनी में ही हुआ।


### राष्ट्र की आशा का केंद्र बना संघ

वर्मा ने जोर देकर कहा कि आज संपूर्ण राष्ट्र संघ की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। यह पथ संचलन न केवल संघ के शताब्दी वर्ष का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति स्वयंसेवकों के संकल्प को भी दर्शाता है। आयोजन में शामिल स्वयंसेवकों के अनुशासन और उत्साह ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया।

**संघ के उद्देश्य और शताब्दी वर्ष की थीम:** पथ संचलन के प्रारंभ में संघ के प्रांतीय अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संघ की स्थापना और इसके सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में नागपुर में कुछ स्वयंसेवकों के साथ संघ की नींव रखी थी। उन्होंने कहा, डॉ. हेडगेवार एक युगदृष्टा थे, जिनका लक्ष्य भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाना था। स्वयंसेवक वही है जो स्वप्रेरणा से राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित हो। वर्मा ने आगे कहा कि आज लाखों स्वयंसेवक राष्ट्र की तकदीर बदलने के लिए कृतसंकल्प हैं और संघ का प्रत्येक कार्य पूर्ण अनुशासन के साथ संपन्न होता है। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष का आयोजन पंच परिवर्तन—कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, और स्वदेशी जागरण जैसे प्रमुख विषयों पर केंद्रित रहेगा।



## संघ के 100 वर्ष पथ संचलन में शामिल हुए बच्चे युवा और बुजुर्ग स्वयंसेवक



**मंडलेश्वर, निप्र।** संघ द्वारा राष्ट्र साधना की एक शताब्दी पूर्ण होने पर रविवार स्कूल मैदान पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगर मंडलेश्वर जिला बड़वाह द्वारा शताब्दी समारोह विजया दशमी उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन की बात कही इन परिवर्तनों में सामाजिक समरसता, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक अनुशासन, कुटुंब प्रबोधन ,और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया गया। पश्चात संघ का पथ संचलन निकला जो बस स्टैंड होता कुम्हार मोहल्ले से जेल रोड कहार मोहल्ला राम मंदिर घंटा घर से सरदार पटेल मार्ग से मौलाना आजाद मार्ग होता विधायक निवास होता वापस स्कूल मैदान पहुंचा जहां ध्वज प्रणाम के बाद उत्सव का समापन हुआ।पथ संचलन का नगर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, जेल रोड घंटा घर के सामने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विधायक निवास पर भी स्वयं सेवकों पर पुष्पवर्षा की गई।संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पर साल भर समाज में अभियान चलाया जाएगा। इन कार्यों में पहला विजया दशमी पर्व मनाया गया दूसरा सामाजिक सद्भावना बैठकों का आयोजन हर गांव नगर में किया जाएगा, वृहद गृह संपर्क के अंतर्गत स्वयं सेवक हर घर पहुंचकर संपर्क स्थापित करेगा, साल भर हिंदू जागरण हेतु हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा, वरिष्ठ नागरिकों के ज्ञान अनुभव को आम जन तक संगोष्ठियों के माध्यम से लिया जाएगा इस हेतु संघ वरिष्ठ जन संगोष्ठियों का आयोजन करेगा युवाओं को संघ से जोड़ने के लिए युवा सम्मेलनों का आयोजन भी संघ की वार्षिक कार्यसूची में शामिल है।

**एक नजर में** — इंदौर सम्भागायुक्त की पहल पर सेगांव में आयोजित हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# सम्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक साथ नि :शुल्क वृह्द स्वास्थ्य शिविर में

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** इंदौर संभाग के खरगोन जिले के सेगांव में पहली बार ऐसा अवसर आया, जहां न सिर्फ विशेषज्ञ चिकित्सक बल्कि अत्याधुनिक स्तर की मशीनों के द्वारा मरीजों की आवश्यक जांच के बाद उपचार हुआ। बल्कि क्षेत्र के आसपास ग्रामों के ऐसे नागरिक जो ठीक से जिला चिकित्सालय ईलाज के लिए पहुँच नहीं पाते, आज उनके उनके पास उनके घर आंगन में इंदौर के विशेषज्ञ डॉक्टर स्वास्थ्य उपचार के लिए पहुँचे हैं। यह सब इंदौर सम्भागायुक्त की पहल पर शुरू हुआ है। इंदौर सम्भाग में ऐसे शिविर नवम्बर माह तक जनजातीय व रिमोड क्षेत्रों में आयोजित होंगे। उसी श्रृंखला में 05 अक्टूबर को कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन में सेगांव स्थित देवी लालबाई फूल माता मंदिर के प्रांगण में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर जिले के करीब लगभग 450 से अधिक अमले ने इंदौर के चिकित्सकों के मार्गदर्शन में कार्य किया। सेगांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 3743 मरीजों का पंजीयन किया गया। इस अवसर पर खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने सेगांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि एक ही स्थल पर दुआ और दवा दोनों सेवाओं का सुलभ होना समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे लोगों को पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने इसे जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर सांसद श्री पटेल ने विकासखंड सेगांव के लिए मृत शरीरों के संरक्षण हेतु फ्रिज प्रदान किए जाने की घोषणा भी की। शिविर के दौरान विधायक श्री केदार डावर ने उपस्थित चिकित्सकों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मरीजों से संवाद स्थापित कर उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक श्री डावर ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सेगांव एवं सीएमएचओ डॉ. सिसोदिया को निर्देश दिए कि ब्लॉक के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की जाए ताकि उनके समक्ष आने वाली समस्याओं को जानकर उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि शिविर में विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ चिकित्सक एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, अतः सभी लोग इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर स्वस्थ जीवन की आशा रखें।

